सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 332 | इंदौर, शुक्रवार 14 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. UP: स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाई गईं, बच्चों के लिए 28 जून तक बंद रहेंगे विद्यालय

2. Rajasthan: भागवत के बाद इंद्रेश कुमार का बड़ा बयान, बोले- अहंकारियों को 241 पर रोक दिया, ये प्रभु का न्याय है

3. Pakistan: पीटीआई सांसद बोले- हिंदुस्तान के चुनाव में कोई धांधली नहीं हुई, क्या हमारे देश में भी कभी ऐसा होगा?

4. T20 WC: फ्लोरिडा में टीम इंडिया का अभ्यास सत्र रद्द; ये दो खिलाड़ी कनाडा के खिलाफ मैच के बाद लौट सकते हैं भारत

5. कुवैत अग्निकांड में मरने वाले 45 भारतीयों के शव लेकर कोच्चि पहुंचा एयरफोर्स का विमान

भोपाल नगर निगम में बड़ा फर्जीवाड़ा

# जिंदा कर्मचारी को मृत बताकर पेमेंट

ऐसे **123** केस

## 8 जोनल अफसरों समेत 17 पर FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । भोपाल नगर निगम में मृत्यु सहायता के नाम पर गड़बड़ी सामने आई है। निगम के अफसरों ने साठगांठ कर जीवित कर्मचारी को मृत बताकर पेमेंट कर दिया। शिकायत की जांच हुई तो ऐसे 123 मामले निकले। जिसके बाद गुरुवार को नगर निगम के 8 जोनल अफसरों समेत 17 लोगों पर लोकायुक्त ने केस दर्ज किया है। इस तरह करीब दो करोड़ की गड़बड़ी सामने आई है।**

19 फरवरी 2024 को अशोका गार्डन में रहने वाले मोहम्मद कमर ने लोकायुक्त में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि सैय्यद मुस्तफा अली के खाते में अगस्त 2023 में सहायता राशि के नाम पर 2 लाख रुपए निगम की ओर से ट्रांसफर किए गए। इसमें सैय्यद मुस्तफा अली को मृत बताया गया है, जबकि वह जिंदा है।

लोकायुक्त ने मामला जांच में लिया। जांच में इसी तरह की गड़बड़ी के 123 मामले सामने आए। इनमें से 95 केस का रिकॉर्ड नगर निगम मुख्यालय, जोनल ऑफिस और वार्ड दफ्तर से गायब मिला।

### जांच में ये मिली गड़बड़ियां

1. जोनल अफसरों ने आवंटित जोन के अतिरिक्त अन्य हितग्राहियों का ऑनलाइन लॉग इन कर भुगतान किया।
2. भुगतान से पहले हितग्राही का आवेदन और उससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स जैसे वार्ड प्रभारी से मृत्यु, पता प्रमाण, बैंक से संबंधित अभिलेख का सत्यापन व प्रतिवेदन नहीं लिया।
3. भुगतान से संबंधित निर्धारित नियमों का पालन भी नहीं किया गया। कई दस्तावेजों में हेरफेर कर भुगतान किया गया।
4. त्रुटिपूर्ण या गलत बैंक खातों में भुगतान किए गए।
5. भुगतान के लिए संबंधित कार्यालय से भी जानकारी नहीं ली गई। ना ही जांच की गई।

### महापौर बोलीं- सख्त सजा मिलनी चाहिए

नगर निगम की महापौर मालती राय ने कहा कि मृत्यु योजना की राशि में गड़बड़ी करने वालों को सख्त सजा होनी चाहिए। ऐसी मानसिकता वालों को छोड़ेंगे नहीं। निगम कमिश्नर को निर्देश देकर सभी को निलंबन-बर्खास्तगी की कार्रवाई करेंगे।

### 11 महीने पहले उठा था मामला

नगर निगम के योजना प्रकोष्ठ में मृत्यु सहायता के रूप में दी जाने वाली राशि में दो करोड़ रुपए का घोटाला साल 2023 में सामने आया था। एक महिला की शिकायत के बाद तत्कालीन अपर आयुक्त टीना यादव ने जांच शुरू की थी। इसमें जोन नंबर 3, 9,11, 16, 19 और 20 के तत्कालीन जोनल अधिकारियों की आईडी से भुगतान स्वीकृत होना सामने आया। सबसे ज्यादा 90 फाइलें जोन नंबर 16 की रहीं। इन फाइलों में से 65 तो एक साथ रात 11 बजे सिस्टम पर अपलोड की गईं। योजना प्रकोष्ठ के सभी सात कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को हटा दिया गया था। तत्कालीन 6 जोनल अधिकारियों को नोटिस दिए गए। इन 6 जोन की 133 ऐसी फाइलें पकड़ में आई थीं, जिनमें गलत तरीके से भुगतान किया गया। इसके बाद भी जांच चलती रही।

### सामान्य मृत्यु में 2 और दुर्घटना में 4 लाख सहायता का नियम

बता दें कि मृत्यु सहायता के तहत सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए और दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए सहायता देने का नियम है। अंत्येष्टि सहायता के 5 हजार रुपए अलग से दिए जाते हैं।

# मंदिर परिसर में मिला गोवंश का कटा सिर

## नाराज लोगों ने रतलाम के जावरा को बंद कराया, दो संदिग्ध हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। रतलाम के जावरा के जागनाथ मंदिर परिसर में गोवंश का कटा सिर मिला है। शुक्रवार तड़के पुजारी मंदिर पहुंचे तो सिर देखकर लोगों व पुलिस को सूचना दी। इस घटना से नाराज हिंदू संगठन जावरा को शांतिपूर्ण ढंग से बंद कराया। इसके बाद फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। शहर में भारी पुलिस बल तैनात है। एसपी राकेश खाखा ने बताया कि दो संदिग्धों को राउंडअप कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुजारी गोरवपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह तड़के 3 बजे मंदिर आए। गेट खोला तो भगवान गणेश जी की मूर्ति के यहां गोवंश का सिर कटा पड़ा हुआ था। गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अधिकारी आए। विधायक राजेंद्र पांडे भी मंदिर पहुंचे। मंदिर से सिर हटवा कर साफ-सफाई कराई गई।

बताया जा रहा है कि घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आए है। हालांकि, इस बारे में अभी पुलिस कुछ कहने को तैयार नहीं है।



### जो दुकानें खुल गई थीं उनको बंद कराया

जैसे ही इस घटना की जानकारी जावरा के लोगों को मिली तो बड़ी संख्या में हिंदू संगठन पदाधिकारी, कई सामाजिक संगठन के लोग सुबह मंदिर पहुंचे। घटना को लेकर विरोध जताया। जावरा बंद कराने का फैसला लिया। सभी लोग जावरा के घंटाघर चौराहे पर एकत्र हो गए। जो दुकान खुल गई थीं उन्हें बंद करा दिया है।

### जावरा विधायक बोले- घटना दुर्भाग्यपूर्ण है

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने कहा कि घटना दुर्भाग्य पूर्ण है। पुलिस अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है। मंदिर शासकीय है। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। बताया जा रहा है कि मंदिर समिति ने प्रशासन को कैमरे चालू करने के लिए आवेदन भी दे रखा है, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया।

# संस्था आस ने चलाया बालश्रम से संबंधित जागरूकता अभियान

## नुक्कड़ नाटक, रैली और नारे लगाकर लोगों को किया जागरूक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में संस्था आस द्वारा बाल श्रम से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। खजराना क्षेत्र, राहुल गांधी नगर और बजरंग नगर आदि क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। रैली में बाल श्रम पास है, इसका जिम्मेदार हमारा समाज है, आदि स्लोगन लिखे हुए थे। रैली के दौरान लोगों को संदेश देकर अभियान चलाया जा रहा है।

संस्था आस की परियोजना सुरक्षित बचपन (क्राय) एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के अंतर्गत बाल श्रम से संबंधित जागरूकता की गई। इस दौरान खजराना क्षेत्र, राहुल गांधी नगर, बजरंग नगर क्षेत्र में संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली और नारे लगा कर समुदाय के लोगों को जागरूक किया गया। समुदाय के लोगों ने शपथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आस संस्था का उद्देश्य है कि हर बच्चा बाल श्रम मुक्त हो और क्राय की पूरी पढ़ाई अभियान के चलते हर बच्चा कम से कम 12वीं तक अपनी पढ़ाई पूरी करें।

# मृत्यु के बाद नेत्रदान की पिता की अंतिम इच्छा बेटों ने पूरी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कहते हैं कि नेत्रदान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ है। इस कथन को सार्थक करते हुए, श्रीमान राजेश सेधव पटेल जी ने अपने पिताजी की अंतिम इच्छानुसार उनका नेत्रदान करवाया। 65 वर्षीय श्री कमल सिंह सेधव चापड़ा, तहसील बागली, जिला देवास में निवासरत थे, जो किसान व बिजनेस मेन थे। उन्हें कल रात्रि में हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर में भर्ती करवाया गया और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके दोनों पुत्रों राजेश पटेल व सुरेन्द्र पटेल ने अपने पिताजी के नेत्रदान के लिए इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के देहदान अधिकारी राज गोयल से बात की। राज गोयल ने मुस्कान ग्रुप के सदस्य श्रीमान जीतू बगानी से विचार विमर्श किया और शंकरा आई बैंक से बात कर नेत्रदान करवाया। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जी.एस. पटेल व आर.सी. यादव जी ने मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और चेयरमैन श्री सुरेश सिंह भदौरिया ने मृतक के परिजनों और उनके परिवार की सराहना की। उक्त जानकारी देहदान अधिकारी राज गोयल ने दी।

# अनुभव से उपजा हुआ दस्तावेज है भारत का सविंधान : जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । संविधान केवल कानून की प्रकियाओ के लिए बनाई एक किताब तक सीमित नहीं होकर यह स्वस्थ और खुशहाल समाज के निर्माण का एक बेहतर रास्ता भी हैं। हमारा संविधान देश की व्यवस्था को पूरा करने के साथ साथ लोगों की आकांक्षाओ की भी पूर्ति करता है। यह सभी पंथों को सम्मान देने के साथ हमे सामाजिक, आर्थिक और राजनेतिक न्याय भी दिलाता हैं। यह अनुभव से उपजा हुआ महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है। ये विचार सचिन कुमार जैन निदेशक विकास संवाद,भोपाल ,विचारक, लेखक के है। जो उन्होंने अभ्यास मंडल के मासिक व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता बतोर इंदौर प्रेस क्लब मे कहे। विषय था भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आधार तत्व। मंच पर विशेष रूप से अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता उपस्थित थे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ क्रिकेट उद्घोषक पदमश्री सुशील दोषी ने कहा कि भारतीय क्रिकेट मे आज भी लोकतंत्र कायम है जहाँ कप्तान रोहित शर्मा ब्राह्मण है गेंदबाज मोहम्मद शमी मुस्लिम है , बेट्समन विराट कोहली पंजाबी है और जब ये खेलकर मैच जीतते है तो पूरा भारत देश खुशी व्यक्त करता है।उन्होंने आगे कहा की जब तक देश के लोगो मे करुणा और कृतज्ञता नही होगी हम कितना भी अच्छा और सुंदर संविधान बना ले खुशहाली नही आएगी ।अतिथि स्वागत वरिष्ठ मुकुंद कुलकर्णी, मालासिंह ठाकुर, सुनील माकोड़े ने किया। प्रतीक चिन्ह रमेश जैन गंगवाल और प्रकाशचंद शर्मा ने प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन अशोक कोठारी ने किया। आभार माना माला सिंह ठाकुर ने।

# मालवा-निमाड़ के बिजली उपभोक्ताओं को 9350 करोड़ की सब्सिडी

## ऊजार्मंत्री के निर्देश पर प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को समय पर दे रहे हितलाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मप्र शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना और अटल किसान ज्योति योजना का मालवा और निमाड़ क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश के ऊजार्मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर प्रत्येक जिले में प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को समय पर हितलाभ दिया जा रहा है, ताकि पात्रतानुसार बिलों में राहत मिले और आमजन के जीवन की खुशहाली के लिए शासन के प्रयास सफल हो सके। मप्र शासन की इस महती योजना के लिए जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 में मालवा-निमाड़ के 46 लाख उपभोक्ताओं के लिए करीब 9350 करोड़ की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि गृह ज्योति योजना और किसान ज्योति योजना से करीब 46 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें प्रतिमाह औसतन करीब 32 लाख घरेलू उपभोक्ता और करीब 14 लाख कृषक श्रेणी के बिजली उपभोक्ता शामिल है। शासन घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रतिमाह अधिकतम 569 रुपए तक की सब्सिडी दे रही है, इस योजना में हितग्राहियों की संख्या में मामूली कमी या बढ़ोत्तरी माह विशेष में दर्ज रीडिंग के आधार पर संभव है। वहीं अजा, जजा के 1 हेक्टेयर/ पांच हार्सपावर तक के किसानों को पूरी तरह निःशुल्क बिजली सिंचाई के लिए उपलब्ध करा रही है। मालवा और निमाड़ में ही सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या करीब 4.70 लाख हैं। शेष किसानों को 92 प्रतिशत तक की सब्सिडी सिंचाई के लिए जारी बिलों में हो रही है। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि दोनों ही योजनाओं का लाभ लेने वालों में इंदौर जिला सबसे उपर हैं, यहां करीब पौने छः लाख उपभोक्ता नियमित रूप से लाभ ले रहे हैं है। इंदौर के बाद दूसरे स्थान पर धार जिले में साढ़े चार लाख, तीसरे स्थान पर उज्जैन जिले में 4.40 लाख, इसके बाद खरगोन में सवा चार लाख, रतलाम में पौने चार लाख, मंदसौर में 3.60 लाख, देवास में साढ़े तीन लाख, खंडवा में तीन लाख , बड़वानी में पौने तीन लाख बिजली उपभोक्ता दोनों ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अन्य जिलों में लाभार्थियों की संख्या डेढ़ लाख से ढाई लाख के बीच हैं।

### सृजन-नई दिशा नया गगन, कार्यक्रम में बालिकाओं से बोले एडिशनल पुलिस कमिश्नर-

# गलत बात से डरें नहीं, प्रतिकार करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बालिकाओं में आत्मविश्वास व सुरक्षा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से इन्दौर पुलिस द्वारा 1 जून से सृजन-नई दिशा नया गगन अभियान चला रही है। विगत पन्द्रह दिनों से इंदौर पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित इस अभियान में कल एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह बालिकाओं से रूबरू हुए। उन्होंने बालिकाओं को महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक बातें बताकर उनका हौसला और उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मूसाखेड़ी क्षेत्र के आसपास की बस्तियों और कॉलोनियों के कमजोर वर्ग की 120 बालिकाएं थीं। अतिथि व्याख्याता के रूप में पहुंचे अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बालिकाओं से कहा कि आप सभी को सशक्त बनाने और आप में आत्मविश्वास व सुरक्षा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से ही ये सृजन कायक्रम चलाया जा रहा है।आप सब तो मां सरस्वती, मां दुर्गा व मां काली का रूप है, अपने अंदर की इस शक्ति को जागृत करें, किसी भी गलत बात से डरें नहीं और प्रतिकार करें। अच्छी बातें व अच्छे काम सीखें और अपने भविष्य निर्माण के लक्ष्य को लेकर चलते जाएं सफलता जरुर मिलेगी। उन्होंने बालिकाओं को पढ़ने और अच्छे भविष्य निर्माण के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान बालिकाओं ने भी उनसे कई सवाल भी पूछे, जिनका उन्होंने बड़े ही रोचक अंदाज में जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस मौके पर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) प्रियंका डुडवे, एसआई शिवम ठक्कर व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# संभागायुक्त ने कहा रेसीडेंसी क्लब को दें नया रूप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस इंदौर की रेसीडेंसी क्लब प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में कहा की रेसिडेंसी क्लब सौ वर्षों से पुरानी प्रतिष्ठित संस्था है। इसे सर्व सुविधायुक्त बनाकर नया स्वरूप दिया जाए। बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री गौरव बैनल सहित सदस्यगण सुश्री एनी पवार, ममता अवस्थी, एन.एस. परमार, डॉ. शैलेश गुप्ता, श्री सतपाल सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में मैनेजर श्री शेखर तिवारी ने रेसीडेंसी क्लब की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि लगभग साढ़े 6 एकड़ क्षेत्र में फैले इस क्लब में लॉन टेनिस के छः कोर्ट, बैडमिंटन के पाँच कोर्ट, टेबल टेनिस के चार, स्क्वैश के दो और बिलियर्ड्स की दो टेबल है। साथ ही यहाँ जिम, स्विमिंग पूल और वॉकिंग ट्रैक भी बना हुआ है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने क्लब के पुराने कमरों को रिनोवेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लब में बास्केट बाल भी प्रारंभ किया जाए। साथ ही किड जोन और फिजियोथैरेपी तथा डायटीशियन के लिए कक्ष बनाया जाए। योगा और ऐरोबिक्स के लिए हाल तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। गार्डन को भी व्यवस्थित किया जाएगा। साथ ही क्लब मैं खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया।

# मुख्यमंत्री के नाम नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

**इंदौर**। प्रदेश भर के नर्सिंग ऑफिसर पर हड़ताल अवधि के दौरान की गईं कार्यवाही के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर इंदौर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एसोसिएशन द्वारा माँग की गईं हैं कि तत्काल वेतनवृद्धि रोकने जैसे आदेशों को निरस्त किया जाए व हड़ताल अवधि का वेतन सभी आफिसरो को आहरित किया जाए।

### अंबिकापुरी स्थित खाटू श्यामधाम का वार्षिकोत्सव

# भगवान तो हर क्षण कृपा करने के लिए तैयार, हम ही अपनी भक्ति और श्रद्धा में करते हैं कंजूसी : मुस्कान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भगवान न तो कोई जाति देखते हैं, न धर्म। वे युग और योनि भी नहीं देखते। वे तो पशुओं पर भी कृपा करने में देर नहीं करते। जीव मात्र की रक्षा करना भगवान का पहला स्वभाव है। कमी है तो हमारी भक्ति और श्रद्धा में। नानीबाई भारतीय समाज की ऐसी महिला है, जिन्होंने अपनी करुणा, भक्ति और श्रद्धा से भगवान का भी दिल जीत लिया। नारी की सहनशीलता संयम और दृढ़ता की अनूठी दास्तां है नानीबाई के मायरे की कथा। भगवान तो प्रत्येक क्षण अपनी कृपा, करुणा और दया की वर्षा करने के लिए तैयार रहते हैं, हम ही अपनी भक्ति और श्रद्धा में कंजूसी करते हैं।**

श्याम प्रिया मुस्कान शर्मा ने गुरुवार को अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर चल रहे 26वें वार्षिकोत्सव में नानीबाई को मायरो की संगीतमय कथा के शुभारंभ सत्र में कही। उन्होंने मायरे की कथा और नानीबाई की भक्ति का भावपूर्ण चित्रण किया। मंदिर पर बुधवार से ही खाटू श्याम महायज्ञ भी चल रहा है।

गुरुवार को खाटू श्याम अखाड़े की ओर से महामंडलेश्वर ऋषिदास महाराज, महामंडलेश्वर कवितादास, महामंडलेश्वर नलिनीदास, महामंडलेश्वर पंकजदास एवं महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज के सान्निध्य में सुबह खाटू श्याम महायज्ञ एवं दोपहर में नानीबाई के मायरे की कथा प्रारंभ हुई। संयोजक महंत नीलू बाबा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य यजमान विजय कालानी, राजकिशोर शर्मा, रोशनलाल कुमावत आदि ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन किया। भक्त मंडल की ओर से श्याम सुंदर सोनी, अनिल सोनी, धीरेन्द्र जायसवाल, ललित चावड़ा, मलखानसिंह ठाकुर, अशोक सोलंकी तथा मातृशक्ति की ओर से चंदा अग्रवाल, मालती जायसवाल, गंगा जैन, दीपा चौहान आदि ने सभी महामंडलेश्वरों एवं खाटू श्याम की कथा सुना रही मुस्कान शर्मा का स्वागत किया।

# शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इन्दौर को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए : संभागायुक्त दीपक सिंह

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इन्दौर में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इन्दौर में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री सिंह ने आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, प्रबंधों तथा आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय इन्दौर को आदर्श आयुर्वेद चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर नगर में रेसीडेन्सी एवं अन्य क्षेत्र में पंचकर्म केन्द्र स्थापना के लिए प्रोजेक्ट तैयार करते हुए ऑटोनोमस तरीके से उक्त केन्द्रों के संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सालय के माध्यम से प्रत्येक पुष्य नक्षत्र में बच्चों को स्वर्ण प्राशन विधि से दवाई की खुराक पिलाने की प्रक्रिया को अधिक से अधिक आमजन तक प्रसारित करने संबंधित निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को आयुर्वेद चिकित्सा के तहत योग तथा प्रसव के दौरान बच्चे और माता के बेहतर स्वास्थ्य संबंधित आयुर्वेद सेवाओं के व्यापक प्रसार संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा उक्त संस्था की फैकल्टी एवं विद्यार्थियों के माध्यम से प्राचीन आयुर्वेद के महत्व को आमजन तक अधिक से अधिक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किये जाए।



बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इंदौर आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय को मॉडल रूप में विकसित करने के प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय को सोलर एनर्जी से आत्मनिर्भर किया जाए। उन्होंने पंचकर्म सेंटर विकसित करने, नाडी चिकित्सा को प्रोत्साहित करने और इसके महत्व की जानकारी आमजन तक पहुंचाने हेतु विशेष प्रयास करने की बात कही। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि महाविद्यालय में कृत्रिम मानव अंगों के मॉडल रखे जाकर विद्यार्थियों को चिकित्सा सेवा में उसके महत्व की जानकारी दी जाए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने मां सरस्वती एवं भगवान धन्वन्तरि के चित्र का पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने महाविद्यालय के क्लास रूम, प्रयोगशाला कक्ष, म्यूजियम, नाडी चिकित्सा केन्द्र, काय चिकित्सालय, आयुर्वेद चिकित्सालय में पंचकर्म केन्द्र, ओपीडी एवं दवाई वितरण केन्द्र, वार्ड आदि का अवलोकन करते हुए आमजन को दी जा रही आयुर्वेद चिकित्सा उपचार संबंधित जानकारी भी ली। बैठक में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर के प्राचार्य डॉ. ए.पी. चौहान ने संस्थान संबंधित जानकारी और आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इन्दौर को आयुर्वेदिक दवाई तैयार करने हेतु कमर्शियल लाइसेंस मिला है जिसके अंतर्गत संस्थान के द्वारा 10 आयुर्वेदिक प्रोडक्ट तैयार किये जा रहे। बैठक में संस्थान के डॉ. अखिलेश भार्गव, डॉ. एस.के. दास अधिकारी एवं डॉ. प्रीति हरदेनिया सहित अन्य फैकल्टी उपस्थित थे।

**इंदौर में मेडीशनल प्लांट का हर्बल गार्डन विकसित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करें-** शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इन्दौर परिसर में 200 प्रजाति के दुर्लभ और आयुर्वेद के विशेष महत्व वाले औषधीय पौधों का हर्बल गार्डन है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने इस गार्डन का निरीक्षण करते हुए इसे और बेहतर तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल में नगर निगम, वन विभाग और आईडीए से समन्वय करते हुए आयुर्वेद विभाग इन्दौर नगर में एक हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। इस हर्बल गार्डन को विकसित करने से अधिक से अधिक आमजन को आयुर्वेद और आयुर्वेदिक जडी बुटियों के महत्व और गुणों की जानकारी मिल सकेगी।

**संभाग की गौशालाओं के प्रतिनिधियों को गोमूत्र के आयुर्वेदिक महत्व हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए-** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर के प्राचार्य को निर्देश दिए कि संभाग के विभिन्न जिलों में संचालित गौशालाओं के प्रबंधकों का एक सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया जाए, जिसमें उन्हें गोमूत्र के आयुर्वेदिक महत्व का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाए तथा उक्त गौशालाओं के माध्यम से गोमूत्र का शोधन करते हुए उसका आयुर्वेदिक और व्यवसायिक महत्व बताते हुए गौशालाओं को सशक्त किया जाए।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**इंदौर।** एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा 14 जून 2024 शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास 10 पोलोग्राउन्ड इन्दौर में आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनिया जैसे शैफाली बिजनेस सोल्यूशन, एस.के. फायनेन्स, मेनपॉवर सर्विसेज (एसजीएस), इनोवसोर्स, अल्ट्रस्ट टेक्नोलॉजी, एसडी कन्सल्टेन्ट आदि द्वारा लगभग 600 से अधिक विभिन्न पदों पर भर्ती की जायेगी। इनमें मुख्य रूप से सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेक्नीशियन, सैल्स, टीम लीडर, सुरक्षा गार्ड, हैल्पर, पेकर, बीमा सलाहकार आदि पद शामिल है। रोजगार मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की अनपढ़ से लेकर स्नातकोत्तर है शामिल हो सकते है। किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## पौधा वितरण और पौधारोपण एवं स्वास्थ्य शिविर

**इंदौर।** मां अहिल्या नगरी की अहिल्या शक्तियों द्वारा पौधा वितरण और पौधारोपण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नेहरू पार्क में किया। शीरोज की प्रमुख डॉक्टर जानवी चांदवानी और मां अहिल्या सेवा संस्था की डायरेक्टर डॉक्टर आरती मेहरा के द्वारा पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा और इंदौर को हरा भरा बनाने के लिए 100 पौधों का वितरण पौधारोपण जल संवर्धन के लिए सभी को प्रेरित किया गया। 15 डॉक्टर के द्वारा विशेष कर डॉक्टर उमेश के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 100 से ऊपर लोगों ने अपनी जांच कराई।यह सभी प्रोग्राम स्मार्ट सिटी में रखा गया और स्मार्ट सिटी के प्रमुख दिव्यांक सिंह जी द्वारा पौधारोपण, पौधों का वितरण और विशेष रूप से चर्चा में भाग लिया। मुख्य अतिथि स्मार्ट सिटी प्रमुख दिव्यांक सिंह थे। प्रोग्राम का संचालन डॉक्टर आरती मेहरा द्वारा किया गया और आभार डॉक्टर जानी चंदवानी के द्वारा माना गया। पोस्टर प्रतियोगिता की जज हेमलता और राशिका नीमा थी ।

## चिकित्सकों के संगठन आईएमए ने भी की वृक्षारोपण की अपील

**इंदौर।** बढ़ते तापमान और मौसम तथा जलवायु के इस परिवर्तन पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए) ने भी वृक्षारोपण को इसका हल मानते हुए वृक्षारोपण की अपील की है। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सतीश जोशी के अनुसार इस वर्ष तापमान ज्यादा है, यह सब वृक्षों की कटाई से हो रहा है, जिससे तापमान असहनशील हो गया है। इससे मानव जीवन संकट में आ सकता है। अब सांसद, मंत्री, विधायक, महापौर, पार्षद अपने- अपने क्षेत्र में दौरा कर पौधारोपण की वृहद योजना बनाए। खासतौर से नीम, पीपल, बरगद, आम के बड़े पेड़ लगवाए, जो कई साल तक रहकर पर्यावरण को सुरक्षित रख सके।

# आईटी कंपनियों के संचालन में किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी - संभागायुक्त श्री दीपक

### समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रकोष्ठ होगा गठित

### आईटी कंपनियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा के लिए बैठक संपन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने एवं इंदौर शहर की ब्रांडिंग एवं शहर में संचालित हो रही आईटी कंपनियों के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में आज यहां संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंदौर के पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, एमपीआईडीसी की कार्यकारी संचालक श्रीमती सपना जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि इंदौर आईटी के क्षेत्र में बढ़ता हुआ शहर है। इंदौर में आईटी कंपनियों के संचालन में किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। अगर किसी आईटी कंपनी को किसी भी विभाग से संबंधित समस्या आ रही है तो उनका प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं कि एमपीआईडीसी में एक विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया जाए, जहां विभागीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए आईटी कंपनी से जुड़े प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़े, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पर्यावरण सुधार में भागीदार बनें।

बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि सुपर कॉरिडोर सहित सभी आईटी पार्क और ऐसे स्थान जहां पर बड़ी आईटी कंपनियां है वहां पर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का आग्रह भी किया। श्री गुप्ता ने कहा कि आईटी कंपनियां अपराधों के रोकथाम, उसकी विवेचना तथा यातायात के सुधार में भी सहयोग करें। बैठक में नगर निगम, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, श्रम तथा राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।

### वाहनों की सघन चेकिंग अभियान जारी

# 30 से अधिक वाहनों पर की गई कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात विभाग द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के पीयूसीसी सर्टिफिकेट एवं प्रदूषण मानकों की जांच की गई। प्रदूषण मानकों पर खरा नहीं उतरने पर वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान 30 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की गई। वाहनों के दस्तावेज मौके पर और ऑनलाइन नहीं पाए जाने पर 2 वाहनों को जब्त कर कार्यवाही की गई। इस दौरान 50 हजार रूपये जुर्माना भी वसूला गया।



# 90 लोगों से ठगे दो करोड़ से ज्यादा

## ❒ 21 साल के युवक ने वेबसीरीज देख बनाया प्लान; 20 % मुनाफे का दिया झांसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में बदमाश ने डेढ़ साल में 90 लोगों से करीब दो करोड़ रुपए ठग लिए। 21 साल के आरोपी ने वेबसीरीज देख ठगी का प्लान बनाया था। उसने एक लाख रुपए इन्वेस्ट कराने के नाम पर 20 प्रतिशत तक का मुनाफा दिलाने का झांसा दिया था। पनागर थाना पुलिस ने बुधवार रात आरोपी मुकुल जैन (21) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वेबसीरीज देखकर ठगी का प्लान बनाया था। इसके बाद बिजनेस की आड़ में ठगी शुरू कर दी। हालांकि आरोपी के पास से ठगी के रुपए रिकवर नहीं हुए हैं।**

### जनवरी महीने में व्यापारियों ने की थी शिकायत

पनागर के रहने वाले रूपेश जैन ने जनवरी 2024 में पनागर थाने में शिकायत की थी। रूपेश ने बताया था कि विद्यासागर वार्ड में रहने वाले मुकुल जैन ने कई व्यापारियों से ठगी की है। मुकुल ने व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर रुपए ऐंठे हैं। आरोपी ने व्यापारियों को मोबाइल पर गाड़ियों के वीडियो दिखाकर बताया था कि ये माल बाहर एक्सपोर्ट होने वाला है। जल्द ही इसका प्रॉफिट पहुंच जाएगा। रूपेश का कहना है करीब दो करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ है। अन्य व्यापारी राजकुमार ने बताया कि मुकुल जैन ने एक लाख रुपए इन्वेस्ट करने के बदले में 15 दिन में 20 प्रतिशत ब्याज का लालच दिया था। रुपए लेने के बाद गारंटी के लिए चेक भी दिए थे। जब चेक बैंक में लगाया, तो बाउंस हो गए।

### बिजनेस के नाम पर बताता था स्कीम

मुकुल ने बीकॉम किया है। घर पर मुकुल ट्रेडर्स नाम से डिस्पोजल फैक्ट्री खोल ली थी। वह जल्द ही अमीर बनना चाहता था। एक वेबसीरीज देखकर उसने ठगी की साजिश रची। इसके तहत वह लोगों से रुपए इन्वेस्ट करने की बात कहता। उन्हें 20 प्रतिशत मुनाफे का लालच भी देता था। आरोपी जहां भी माल का ऑर्डर लेने जाता, तो व्यापारियों को स्कीम के बारे में बताता। बातों में पनागर और आसपास के व्यापारी आ गए। मुकुल ने किसी से एक लाख तो किसी से पांच लाख रुपए लिए। भरोसा जीतने के लिए कुछ महीने तक 20 प्रतिशत ब्याज भी देता रहा। यही नहीं, लोगों को चेक भी दिए। इसके बाद आरोपी ने पिछले 6 महीने से ब्याज के रुपए देना बंद कर दिया, तो उसके खिलाफ शिकायत की गई। पुलिस के मुताबिक पिछले डेढ़ साल में करीब 90 लोगों से दो करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। पूछताछ में पता चला कि मुकुल ने ठगी के पैसों से मकान बनवा लिया था। कार भी खरीदी थी। ठगी के पैसों से ही मां का भी इलाज कराया।

### चाची से भी लिए 50 लाख रुपए

एएसपी सोनाली दुबे के मुताबिक कि मुकुल बहुत ही शातिर है। उसने पनागर के कई व्यापारियों को एक लाख रुपए के बदले एक लाख 20 हजार रुपए देने का झांसा दिया। आरोपी ने अपनी चाची से भी 50 लाख रुपए लिए। एएसपी ने बताया कि मुकुल एक व्यक्ति से पैसे लेकर दूसरे, फिर तीसरे और चौथे को दिया करता था। बड़ी रकम को अपने पास रख लेता था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# तंत्र-मंत्र के लिए गाय की पूंछ काटी, मचा हंगामा

## आरोपी बुजुर्ग बोले- तांत्रिक ने बाल के जरिए गंगाजल से स्नान करने का कहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** भिंड के बस स्टैंड के पास एक बुजुर्ग को लोगों ने गाय की पूंछ के बाल काटते हुए पकड़ा। बुजुर्ग ने बताया कि ऐसा उन्होंने एक तांत्रिक के कहने पर किया। घटना बुधवार देर रात की है। लोगों ने हंगामा कर दिया। बाद में मौके पर पुलिस बुलाकर बुजुर्ग को हवाले कर दिया। बुजुर्ग ने बताया कि तांत्रिक ने ओसर गाय की पूंछ के बाल लाने को कहा था। बता दें, ओसर उस गाय को कहते हैं, जो एक साल की उम्र से ऊपर हो और पहली बार बछड़े को जन्म दिया हो। सिटी कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग से गाय की पूंछ के बाल बरामद किए हैं। केस भी दर्ज किया गया है।

**मेहगांव से ओसर गाय को ढूंढते हुए पहुंचे भिंड-** पुलिस के मुताबिक, 65 वर्षीय राजवीर बघेल मेहगांव के रहने वाले हैं। पारिवारिक समस्याओं से परेशान हैं। समाधान के लिए तांत्रिक का सहारा लिया। बुजुर्ग ने बताया कि तांत्रिक ने उनसे कहा था कि आपके देव रूठे हुए हैं। देवों को मनाने के लिए गाय की पूंछ के बालों से आपको गंगाजल से स्नान कराया जाएगा। वह ओसर गाय की तलाश में मेहगांव से 20 किलोमीटर दूर भिंड पहुंचे। जिस गाय का तांत्रिक ने बताया था, वो बस स्टैंड पर मिल गई। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि जब बुजुर्ग गाय के बाल काट रहे थे, तभी बस स्टैंड के आसपास खड़े युवकों ने देख लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग को थाने लाया गया और केस दर्ज किया गया।

# बागेश्वर धाम से लौट रहे दर्शनार्थियों की कार पलटी, 6 लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** छतरपुर में बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थियों की कार आज(13 जून) रात 3.30 बजे सतना में दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, बिहार के बक्सर जिले के डुमरांव से छतरपुर के बागेश्वर धाम दर्शन करने आये दर्शनार्थियों की कार सतना में मटेहना-कृपालपुर के पास अनियंत्रित हो कर पलट गई। यह हादसा गुरुवार को तड़के होना बताया जाता है। हादसे में चंदन कुमार जायसवाल पिता रामाधार जयसवाल (32) उसकी पत्नी शालिनी जायसवाल (28) बेटी शानवी जायसवाल (17 माह) निवासी छतरपुर पलामू थाना पलामू झारखंड, दीनानाथ (65) उसकी पत्नी किरण देवी (50) व पुत्र नीतेश जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि दीनानाथ अपनी पत्नी, पुत्र और बेटी-दामाद के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते वक्त सतना शहर के बाहरी छोर पर मटेहना-कृपालपुर के पास रात लगभग साढ़े 3 बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सवार सभी लोग उसके अंदर फंस गए। किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकलने के बाद उन्होंने घायल अवस्था मे सड़क पर खड़े हो कर लोगों से मदद मांगी। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस के जरिए उन्हें जिला अस्पताल लाया गया।

# शहीद कबीर दास का छिंदवाड़ा में अंतिम संस्कार

## सीआरपीएफ जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर; कठुआ आतंकी हमले में घायल हुए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में जवान शहीद कबीर दास उईके का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीआरपीएफ जवानों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद शहीद कबीर को उनके घर के पीछे खेत में दफनाया गया। यहां स्मारक बनाया जाएगा। इससे पहले शहीद की पार्थिव देह पहले हवाई मार्ग से गुरुवार सुबह नागपुर लाई गई। यहां से सड़क मार्ग से पैतृक गांव पुलपुलडोह (मरजातपुर) ले जाया गया। उनकी अंतिम यात्रा के दर्शन करने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। अंतिम संस्कार के समय सीआरपीएफ के आईजी सुखबीर सिंह सोढी और डीआईजी नीतू सिंह भी मौजूद रहीं। वही, छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और एसपी मनीष खत्री भी मौजूद थे। मंगलवार रात 8 बजे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में आतंकी हमला हुआ था। सीआरपीएफ के कॉन्स्टेबल कबीर दास गोली लगने से घायल हो गए थे। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी। सीआरपीएफ के जवानों ने शहीद कबीर दास को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिस तिरंगे से ढंककर कबीर की पार्थिव देह लाई गई, वो तिरंगा उनके परिजन को भेंट किया गया। यह दृश्य देखकर सब भावुक हो गए।

# मंत्री पासवान ने भगवान महाकाल दर्शन किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मोदी सरकार की 3.0 टीम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री बनाए गए कमलेश पासवान अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन,अर्चन कर जल अर्पित किया। महेश पुजारी ने पासवान को तिलक कर पूजन कराया। इसके पश्चात वे नंदी हॉल में बैठ कर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन हो गए और मंत्रों का जाप किया। इसके पश्चात महाकाल मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में भी भगवान के दर्शन कर पूजन किया। उल्लेखनीय है कि कमलेश पासवान यूपी के बांसगांव संसदीय सीट से चोथी बार सांसद चुने गए है। सांसद बनने के बाद मोदी के मंत्रिमंडल में केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए गए है।

# भोपाल के बड़ा तालाब में तैरेंगे शिकारे

## डल झील की तर्ज पर चलेंगे; एनजीटी के आदेश पर क्रूज-मोटर बोट हो चुकी बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल के बड़ा तालाब में अब शिकारे तैरेंगे। यह श्रीनगर की डल झील जैसे होंगे। शुक्रवार से इसकी शुरूआत होगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ठऋृळ) ने करीब 10 महीने, 12 सितंबर को क्रूज और मोटर बोट पर रोक लगा दी थी। इसके बाद सामान्य बोट ही चलाई जा रही थी।**

महापौर मालती राय शुक्रवार को श्रीनगर की डल झील की तर्ज पर बड़ा तालाब में प्रारंभ किए जा रहे शिकारे के संचालन का उद्घाटन करेंगी। विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर परिषद में जलकार्य एवं सीवेज के प्रभारी सदस्य रविंद्र यति भी मौजूद रहेंगे।

### एनजीटी ने यह दिए थे आदेश

पिछले साल भोज वेटलैंड (बड़ा तालाब), नर्मदा समेत प्रदेश के किसी भी वाटर बॉडीज में क्रूज और मोटर बोट के संचालन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने रोक लगा दी थी। एनजीटी ने इसे अवैध गतिविधि ठहराते हुए बड़ा तालाब में क्रूज का संचालन बंद करने के आदेश दिए थे। आदेश में कहा गया था कि डीजल और डीजल इंजन से निकलने वाले उत्सर्जन को इंसानों समेत जलीय जीवों के लिए खतरा है, क्योंकि इससे उत्सर्जित सल्फर और नाइट्रोजन ऑक्साइड पानी को एसिडिक बना देता है। यह इंसानों और जलीय जीवों दोनों के लिए कैंसरकारी है। भोज वैटलेंड के लिए जारी यह आदेश नर्मदा नदी समेत प्रदेश की सभी प्रकार की वेटलैंड पर लागू हो गया था।

भोपाल के बड़ा तालाब में एनजीटी के आदेश के बाद से ही लेक प्रिंसेस क्रूज और जलपरी मोटरबोट बंद कर दी गई थी। पर्यटन विकास निगम ने क्रूज और जलपरी के साथ करीब 20 मोटर बोट का संचालन भी नहीं किया।

# रॉयल बाघ का रेस्क्यू, 90 दिन बाद पिंजरे में कैद

## 5 हाथियों के साथ टीम ने घेरा, ट्रैंक्यूलाइज कर काबू में किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** पिछले तीन महीने में एक इंसान और 12 से ज्यादा मवेशियों का शिकार करने वाले रॉयल बाघ का रेस्क्यू कर लिया गया है। बाघ को पकड़ने के लिए 10 दिन से कान्हा और पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम जंगल में ही डेरा डाले हुए थी। डीएफओ, रेंजर, एक्सपर्ट और डॉक्टरों के साथ 100 कर्मचारी और 5 हाथी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे थे। गुरुवार को टीम ने ट्रैंक्यूलाइज कर बाघ को पिंजरे में कैद कर लिया।

टीम ने बताया कि बाघ के मूवमेंट को कैद करने के लिए जंगल में डेढ़ सौ से ज्यादा कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों में हर रोज होने वाले मूवमेंट को देखकर टीम बाघ के रेस्क्यू का प्लान तैयार करती थी। रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए टीम कई रातें नहीं सोई।

### पांच हाथियों के साथ की बाघ की घेराबंदी

गुरुवार सुबह बाघ के मूवमेंट के कैद होने के बाद शहर से लगे हुए सुरई के जंगल में पांच हाथी के साथ टीम ने घेराबंदी की। दोपहर करीब 12.30 बजे बाघ झाड़ियों के पीछे नजर आया। इस पर टीम ने ट्रैंक्यूलाइजर गन की मदद से बाघ पर इंजेक्शन फायर किया। हालांकि बाघ बेहोश नहीं हुआ। बाघ यहां से चकमा देकर भागने में सफल हो गया। टीम करीब एक घंटे तक उसे जंगल में खोजती रही। करीब डेढ़ बजे बाघ दूसरी बार नजर आया। इस बार ट्रैंक्यूलाइजर गन से छोड़ा गया इंजेक्शन बाघ के पिछले हिस्से में लगा। बाघ वहां से भागा, लेकिन कुछ देर बाद इंजेक्शन ने असर दिखाया। करीब ढाई बजे बाघ के बेहोश होने पर टीम ने उसका रेस्क्यू किया गया।

### 10 दिन से कर रही थी टीम बाघ का रेस्क्यू

डीएफओ विजय कुमार ने बताया कि पिछले 30 दिनों से रायसेन वन मंडल का 100 का स्टाप, कान्हा, पन्ना और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम, के साथ कुछ एनजीओ बाघ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे थे। पिछले 10 दिनों से टीम जंगल में ही रह रही थी।

**36 गांव के लोगों के जंगल में जाने पर लगी थी रोक-** बाघ के मूवमेंट के चलते वन विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से एक महीने पहले शहर के आसपास के 36 गांव के लोगों को घरों से अकेले नहीं निकलने और जंगल की ओर न जाने की बात कही थी। बाघ अक्सर ग्रामीण क्षेत्र सहित जंगलों में लोगों को दिखाई देता था। कई बार तो भोपाल रोड पर रोड क्रॉस करते हुए भी लोगों को दिखाई दिया। जिसका लोगों ने वीडियो भी बनाया था।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में रखा जाएगा बाघ

डीएफओ विजय कुमार के अनुसार रेस्क्यू किया गए बाघ को वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की सलाह पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया है। यहां पर 5 से 6 दिन के लिए बाड़े में रखा जाएगा। यहां डॉक्टरों सहित वन विभाग की टीम स्वास्थ्य संबंधित जांच करेगी। इसके बाद बाघ को खुले में छोड़ा जाएगा। यह रॉयल बाघ आदमखोर नहीं है। नीमखेड़ा के जंगल में मनीराम जाटव का इस बाघ से सामना हो गया था। जिसके कारण बाघ को अपने बचाव में उस पर हमला किया था। यह रॉयल बाघ अधिकतर शहरी क्षेत्र में ही रहने का आदी है।

# संपादकीय

## नए सीएम माझी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी

*नए मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज के मोहन चरण माझी को राज्य की कमान सौंपी गई है। माझी ने शपथग्रहण से पहले ही आदिवासी समाज के कल्याण का संकल्प लिया था, उम्मीद है, वे इसे पूरा करेंगे। हालांकि उन्हें चौबीस वर्ष लंबे नवीन पटनायक के कार्यकाल के प्रभाव से लोगों को बाहर निकालना एक चुनौती होगी। लोगों में नवीन पटनायक के कामकाज को लेकर कोई खास नाराजगी नहीं थी, इसलिए भी माझी को कुछ अलग करके दिखाना होगा। माझी के साथ एक अच्छी बात यह है कि केंद्र में भी उनकी पार्टी की सरकार है, इसलिए योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन में किसी अड़चन की गुंजाइश नहीं रहेगी। हालांकि नवीन पटनायक के भी केंद्र सरकार के साथ रिश्ते कभी कड़वे नहीं रहे। नवीन पटनायक ने ओड़ीशा को बीमारू प्रदेशों की श्रेणी से बाहर निकालने, वहां के लोगों की गरीबी दूर करने, शिक्षा और चिकित्सा आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए जो विकास परियोजनाएं चलाईं और प्रदेश का विकास किया, उसकी सभी सराहना करते हैं। मगर विकास परियोजनाओं के चलते नियमगिरी जैसे कुछ इलाकों के आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण को लेकर जो नाराजगी देखी जा रही थी, उन्हें जरूर माझी सरकार से काफी उम्मीदें हैं। इसके अलावा, एक चुनौती होगी वहां सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की। नवीन पटनायक सदा एनडीए के साथ रहे, मगर जब कंधमाल में ईसाई मिशनरियों पर हमले हुए तो वे उससे अलग हो गए थे। ओड़िया समाज पर इसका बहुत असर पड़ा था। माझी सरकार उसे कितना सुरक्षित रख पाती है, यह देखने की बात है। अब भी ओड़ीशा की छवि अत्यंत गरीब और पिछड़े प्रदेश की है, उस छवि को माझी कितना बदल पाएंगे, उनकी कामयाबी इसी से आंकी जाएगी।*

अर्ज़ किया है..!

*हाए क्या दौर-ए-ज़िंदगी गुज़रा*
*वाक़िए हो गए कहानी से*

*- गुलज़ार देहलवी*

OSHO
कहिन

**आप वही बन जाते हैं जो आप अपने बारे में सोचते रहते हैं।**



महिला जगत

# भारतीय मूल की ये महिला तीसरी बार पहुंची अंतरिक्ष

**जानें सुनीता विलियम्स के बारे में**

सुनीता विलियम्स के पिता का नाम डॉ. दीपक पांड्या और मां बोनी पांड्या हैं। उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए थे और पेशे से एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। हालांकि बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी की।



भारत के साथ ही पूरे दुनिया के लिए गौरव की बात है कि एक भारतीय मूल की महिला एक या दो नहीं, तीन-तीन बार अंतरिक्ष की यात्रा पर है। ऐसा करने वाली पहली महिला बनकर उन्होंने इतिहास रचा है। इतना ही नहीं, बोइंग के सीएसटी-100 स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में अंतरराष्ट्रीय स्टेशन के लिए उड़ान भरने वाली पहली महिला सदस्य बन गई हैं।

ये सफलता सुनीता विलियम्स के नाम पर दर्ज है, जो कि साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष की पहले भी यात्रा कर चुकी हैं। इन दोनों मिशनों पर विलियम्स ने अंतरिक्ष पर कुल 322 दिन बिताए, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। इसके बाद 6 जून को उन्होंने स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से तीसरी बार उड़ान भरी थी। उन्हें स्पेस पर गए एक सप्ताह का वक्त बीतने वाला है और वह जल्द भारत लौट सकती हैं।

### सुनीता विलियम्स का जीवन परिचय

सुनीता विलियम्स के पिता का नाम डॉ. दीपक पांड्या और मां बोनी पांड्या हैं। उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए थे और पेशे से एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। हालांकि बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी की। सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को यूक्लिड, ओहियो में हुआ था। 1987 में उन्होंने अमेरिकी नौसेना अकादमी से फिजिकल साइंस में बैचलर की डिग्री ली। बाद में इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में मास्टर किया। नासा ज्वाइन करने से पहले सुनीता अमेरिका की नौसेना में काम करती थीं। उन्होंने 30 से अधिक विभिन्न विमानों में 3000 से ज्यादा उड़ान घंटे दर्ज किए थे।

### उपलब्धि

सुनीता विलियम्स को कई देशों की सरकार ने सम्मानित किया है। भारत सरकार ने उन्हें 2008 में पद्मभूषण से सम्मानित किया। वहीं रूस ने मेडल आफ मेरिट इन स्पेस एक्सप्लोरेशन दिया। स्लोवेनिया ने गोल्डन आर्डर ऑफ मेरिट सम्मान से नवाजा। इसके अलावा नासा स्पेसफ्लाइट मेडल भी उनके पास है।

New Delhi

# डल झील किनारे योग दिवस मनाएंगे पीएम मोदी, आतंकी हमलों के बीच बड़ा संदेश; तीसरे कार्यकाल में पहला दौरा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में बीते करीब एक सप्ताह से आतंकवादी हमलों की संख्या बढ़ गई। वैष्णो देवी के पास तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हमला हुआ तो उसके बाद तीन और अटैक हुए थे। इन आतंकी हमलों के बाद हालात की समीक्षा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने हाईलेवल मीटिंग भी की थी। इस बीच खबर है कि 21 जून यानी योग दिवस के मौके पर वह श्रीनगर में डल झील के किनारे आयोजन में शामिल होंगे। पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद नरेंद्र मोदी का यह पहला कश्मीर दौरा होगा। अब तक पीएम मोदी की विजिट की आधिकारिक सूचना नहीं है।

सूत्रों का कहना है कि डल झील के किनारे आयोजन की



तैयारियां होने लगी हैं। अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था से लेकर आयोजन के इंतजाम तक में जुटे हुए हैं। डल झील के पास ही बने इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे। एक अधिकारी ने बताया, 'पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून की शाम को ही श्रीनगर पहुंच जाएंगे। इसके बाद वह 21 तारीख को सुबह योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। हमें उम्मीद है कि इसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। पीएम मोदी की मौजूदगी के चलते यह हाईप्रोफाइल इवेंट है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।' इसी सप्ताह एसपीजी की टीम श्रीनगर पहुंचेगी और इलाके की सुरक्षा व्यवस्था चेक की जाएगी। एलजी मनोज सिन्हा ने प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था चौक-चौबंद रखने का आदेश दिया है। इस आयोजन में जम्मू-कश्मीर से जुड़े कुछ बड़े खिलाड़ी और एथलीट भी शामिल हो सकते हैं।

Rajasthan

## मायके जा रही शादीशुदा दलित महिला को किडनैप कर किया गैंगरेप

❏ रास्ते में ऑटो चालक ने भी की हैवानियत

**धौलपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के धौलपुर में एक 24 साल की दलित शादीशुदा महिला को किडनैप कर चार दिन तक गैंगरेप किया। पीड़िता आरोपियों के पड़ोसियों की मदद से उनके चुंगल से किसी तरह से निकली और टेंपो से घर जाने लगी। इसी दौरान रास्ते में टेंपो चालक ने भी उसे हवस का शिकार बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह 3 जून 2024 को करौली जिले में स्थित अपनी ससुराल से बस द्वारा अपने मायके धौलपुर जा रही थी. वह जब धौलपुर बस स्टैंड पर उतरी तो उसका परिचित बाइक सवार युवक मिला. युवक ने उसे गांव छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया.

इसी दौरान आरोपी ने उसका किडनैप कर दूसरी जगह पर ले गया. जहां उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया. इतना ही नहीं आरोपियों ने उसे एक लाख रुपये में अन्य लोगों को बेच दिया. जब आरोपियों के पड़ोसियों को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने उसे छुड़वाया और 200 रुपये देकर घर भेजा. रास्ते में उसे एक टेंपो चालक की भी उस पर नियत खराब हो गई और उसने उसके साथ रेप किया. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 376 डी, 370, 343, 506 और एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस उप अधीक्षक को सौंप दिया हैं. महिला थाना एसएचओ छवि फोजदार ने बताया कि एक 24 वर्षीय महिला ने धौलपुर एसपी के यहां परिवाद दिया था. महिला ने रिपोर्ट में गैंगरेप होना बताया हैं. इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

Uttarakhand

## अल्मोड़ा में जंगल में लगी आग से 4 लोगों की मौत, मरने वाले सभी वन विभाग के कर्मी

**अल्मोड़ा, (एजेंसी)** उत्तराखंड में एक बार फिर जंगलों में आग लग गई है और यह बढ़ती ही जा रही है. अल्मोड़ा में जंगल की आग में जलकर चार लोगों की मौत हो गई है. आग से जलकर मरने वाले सभी वन विभाग के कर्मी बताए जा रहे हैं. पिछले महीने भी प्रदेश के कई हिस्सों में जंगल में आग भड़क गई थी और इस पर काफी मुश्किल से काबू पाया जा सका था.

अल्मोड़ा में जंगल में लगी आग से जलकर चार लोगों की मौत हो गई. बताया जाता है कि गुरुवार को जिले के रानीखेत बिनसर में जंगल में आग लग गई. अचानक आग भड़कने से जंगल के बीच मौजूद चार वनकर्मियों की मौत हो गई. वन विभाग के डीएफओ ने बताया कि मृतकों में एक वन आरक्षी, वन संरक्षक, फायर वाचर और एक पीआरडी जवान शामिल हैं.

हादसे पर सीएम धामी ने भी ट्विट किया. उन्होंने लिखा, 'बिन्सर वन्यजीव विहार में वनाग्नि की चपेट में आने से 4 वनकर्मियों के निधन का अत्यंत हृदयविदारक समाचार प्राप्त हुआ. इस दुख की घड़ी में हमारी सरकार दिवंगतों के परिजनों के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता हेतु प्रतिबद्ध है. मृतकों के परिजनों को 10 लाख की अनुग्रह धनराशि देने की घोषणा की है.'

Jharkhand

## दर्दनाक हादसे में पांच की मौत : सोनभद्र में सवारियों से भरी ऑटो ट्रक से टकराई, मची चीख-पुकार; छह लोग घायल

**सोनभद्र, (एजेंसी)** सोनभद्र के विंढमगंज थाना क्षेत्र से लगे 14 किलोमीटर दूर झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में गुरुवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। सवारियों से भरी ऑटो विपरीत दिशा से आ रही ट्रक में भीड़ गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना एनएच 75 पर गढ़वा-मुड़ीसेमर के बीच श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव के समीप हुआ। मृतकों में विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनौजिया (42), झारखण्ड के रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण (30), रमाशंकर भुइयां के पुत्र बिकेश (20), विनोद भुइयां के पुत्र राजा कुमार (21) एवं रामवृक्ष भुइयां के पुत्र राजकुमार (53) वर्ष शामिल हैं। वहीं, घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश, विढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचन्द्र भुइयां के पुत्र छोटूलाल, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुइयां के पुत्र उमेश, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज एवं रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल गढ़वा झारखंड में इलाज चल रहा है। घटना स्थल के आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

खेल

# क्या कोहली की फॉर्म बनी चिंता का विषय? सुनील गावस्कर ने दिया ये बयान, विराट का किया समर्थन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत ने टी20 विश्व कप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली से पारी का आगाज कराने का फैसला किया था, लेकिन भारत की यह रणनीति अब तक असफल रही है और दोनों ही बल्लेबाज टीम को बड़ी शुरुआत नहीं दिला सके हैं। कोहली का बल्ला भी अब तक शांत रहा है और इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या अब संयोजन में बदलाव करते हुए यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग में भेजना चाहिए और कोहली को तीसरे नंबर पर भेजना चाहिए? हालांकि, पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर कोहली की खराब फॉर्म से चिंतित नहीं हैं।

### कोहली ने तीन मैचों में बनाए पांच रन

कोहली का बल्ला टी20 विश्व कप में बिलकुल भी नहीं चल पा रहा है। यह पहली बार है जब कोहली रोहित शर्मा के साथ भारत के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर टी20 प्रारूप में ओपनिंग के लिए उतर रहे हैं। हालांकि ग्रुप चरण के पहले तीन मैच में कोहली का बल्ला फ्लॉप रहा है और उन्होंने तीन मैचों में कुल पांच रन ही बनाए हैं। कोहली ने आयरलैंड के खिलाफ पांच गेंदों पर एक रन और पाकिस्तान के खिलाफ तीन गेंदों पर चार





रन बनाए थे, जबकि अमेरिका के खिलाफ तो वह खाता भी नहीं खोल सके। कोहली का टी20 अमेरिका में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और उन्होंने छह पारियों में महज 68 रन ही बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 97.14 का रहा है, जबकि औसत 11.33 का है।

### 'घबराने की जरूरत नहीं'

गावस्कर ने कहा कि फिलहाल कोहली की फॉर्म को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है और वह जल्द ही दमदार वापसी करेंगे। गावस्कर ने एक स्पोर्ट्स चैनल पर कहा, जब आप देश के लिए खेलते हैं तो इससे बड़ी प्रेरित करने वाली बात कोई नहीं होती। कोहली ने कई वर्षों से भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और देश को कई मैच जिताएं हैं। उन्हें यह समझना होगा कि अभी भी शुरुआती दिन हैं और टूर्नामेंट अभी काफी लंबा है। इसके बाद सुपर आठ चरण है, फिर सेमीफाइनल और अगर सबकुछ सही रहा तो फाइनल। कोहली को पता है कि उन्हें थोड़ा सा संयम दिखाना होगा और खुद पर भरोसा रखना होगा। अगर तीन मैचों में कम रन बने हैं तो अचानक से सबकुछ गलत नहीं हो सकता है। चिंता करने की बात नहीं है। वह आने वाले दिनों में वापसी करेंगे।

### संयोजन में बदलाव की संभावना कम

भले ही भारतीय ओपनिंग जोड़ी अब तक प्रभाव छोड़ने में विफल रही है, लेकिन इस बात की संभावना कम है कि टीम प्रबंधन ओपनिंग संयोजन में कोई बदलाव करेगा। यशस्वी के रूप में भारत के पास एक अतिरिक्त शीर्ष क्रम का बल्लेबाज मौजूद है, लेकिन माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन और कप्तान कोहली का समर्थन करते रहेंगे और वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरेंगे। कोहली के ओपनिंग में आने से पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं और उन्होंने इस स्थान पर खेलते हुए आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इससे भारत को शिवम दुबे के रूप में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर को भी प्लेइंग-11 में रखने का मौका मिलता है।

सिनेमा

## करण जौहर की शिकायत पर हाई कोर्ट का फैसला, 'शादी के डायरेक्टर करण और जौहर' की रिलीज पर रोक



बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर करण जौहर ने बॉम्बे हाई कोर्ट में फिल्म शादी के डायरेक्टर करण और जौहर' के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस याचिका में करण जौहर ने फिल्म के टाइटल में अपने नाम के बिना इजाजत और सीधे इस्तेमाल पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कोर्ट से फिल्म पर बैन लगाने की मांग की थी। अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने करण जौहर की याचिका पर फैसला दे दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने करण जौहर के हित में फैसला लिया है। द फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि फिल्म को सिनेमाघरों या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तब तक रिलीज नहीं किया जाएगा जब तक फिल्म के टाइटल और फिल्म में से करण जौहर ने नाम और उनकी व्यक्तिगत विशेषताओं को हटाया नहीं जाता है। बता दें, इस फिल्म को आज यानी 14 जून को रिलीज होना था। जस्टिस रियाज चागला ने करण जौहर को राहत देते हुए कहा कि फिल्म के टाइटल में बिना करण जौहर की इजाजत के उनके नाम का रिफरेंस देना उनके मौलिक अधिकार और पर्सनालिटी राइट का उल्लंघन है। बता दें, बुधवार को करण जौहर ने फिल्म 'शादी के डायरेक्टर करण और जौहर' के निर्माता इंडियाप्राइड एडवाइजरी और संजय सिंह और फिल्म के निर्देशक और राइटर बब्लू सिंह के खिलाफ याचिका दायर की थी।

## Highlights

1. PM Modi tweets in Italian after arriving in Italy for G7 Summit
2. 4 forest dept workers burnt alive while dousing fire in U'khand
3. 6 people die on spot, 5 injured in road accident in Andhra Pradesh
4. Mercedes-Benz to invest ₹3,000 crore in Maha in 2024: Minister
5. What lapses were found at the Kuwait building where fire killed 45 Indians?
6. Mortal remains of 45 Indians killed in Kuwait building fire reach Kerala

# Workers in Amazon warehouse get no toilet, water breaks till targets met: 'Women worst affected'

**NEW DEIHI, (Agency).** Seniors check washrooms to check if workers are not wasting time during shift hours, a 24-year-old who works five days a week, ten hours a day and earns ₹10,088 a month at Amazon India's five warehouses located in Haryana's Manesar said. As per a report in Indian Express, the worker said, "Even if we work without any breaks, including the lunch and tea breaks that are 30 minutes each, we can't unload more than four trucks a day. Just two days ago, we took a pledge that we would forgo water and washroom breaks to improve performance and attain the target."




Amazon has faced such allegations abroad before as well as the Occupational Safety and Health Administration in the US had in 2022 and 2023 flagged the company's unsafe working conditions and failure to properly report injuries at six warehouses.

Amazon has faced such allegations abroad before as well as the Occupational Safety and Health Administration in the US had in 2022 and 2023 flagged the company's unsafe working conditions and failure to properly report injuries at six warehouses.

Workers alleged that they are directed to take oaths they won't take toilet or water breaks until their target of unloading packages is completed.

An Amazon India spokesperson responded to the allegations saying, "We're investigating these claims, but to be clear, we'd never make these kinds of requests on our employees as part of standard business practice. If we discovered an incident such as the one that's been alleged, we'd immediately put a stop to it and ensure the manager involved was re-trained on our expectations of team support, health, and safety. We'll continue to investigate."

# You may have to pay a lot more for a car as emission rules get stricter

**NEW DEIHI, (Agency).** Cars in India could get a lot more expensive owing to a latest step by India's energy efficiency and conservation agency. As automakers in India have to cut carbon emissions by a third over the next three years or face penalties under the third iteration of corporate average fuel efficiency norms (CAFE) by the bureau of energy efficiency (BEE), this could make cars pricier for you. The bureau of energy efficiency has asked industry stakeholders to submit their comments by the first week of July. The bureau of energy efficiency has asked industry stakeholders to submit their comments by the first week of July. An industry executive told Economic Times, "The challenge is not only to develop a vehicle which meets the stringent CAFE 3 and CAFE 4 norms, but also to price it such that there are buyers for them. You can make a low emission vehicle but if it is not priced affordably, there will be no takers and no benefit. It will impact the CAFE score of the company."



The bureau of energy efficiency has asked industry stakeholders to submit their comments by the first week of July after which final guidelines will be notified.

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**इंदौर।** कनाडिया पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर रेप का केस दर्ज किया है। पीडिता के मुताबिक आरोपी उसकी बिल्डिंग में ही रहता है। उसने मोबाइल पर वीडियो कॉल कर स्क्रीन शॉट लेकर ब्लैकमेल किया और फिर रेप कर धमकाने लगा। आरोपी ने पीडिता की सगाई भी तुड़वा दी। कनाडिया एसीपी कुंदन मंडलोई के मुताबिक 15 साल की नाबालिग ने बताया कि धीरज उनकी बिल्डिंग में रहता था। उसने दो साल पहले पीड़िता के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया। इसके बाद स्क्रीन शॉट ले लिये। यह बात मां को बताने को लेकर ब्लैकमेल किया। 1& मार्च 2024 को वह घर में आ गया। उसने वीडियो फोटो वायरल करने की बात कहकर नाबालिग का रेप किया। नाबालिग ने उससे परेशान होकर यह बात परिवार को बताई। इस बीच परिवार ने नाबालिग की सगाई राजस्थान में तय कर दी। यहां धीरज ने सगाई तुड़वा दी। इसके बाद नाबालिग ने धीरज के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवा दिया।

## युवक पर ब्लेड से हमला

**इंदौर।** तीन इमली बस स्टैंड क्षेत्र में एक बदमाश ने अड़ीबाजी को अंजाम देते हुए शराब पीने के लि रूपए न देने पर युवक के चेहरे पर ब्लेड से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना भंवरकुंआ पुलिस के मुताबिक हमले की वारदात तीन इमली बस स्टैंड के पीछे चितावद कांकड के खाली मैदान में हुई। घायल का नाम अजय पिता फतेसिंह मीणा निवासी श्रीराम नगर पालदा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सुमित पिता राजू राठौर निवासी मूसाखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रोका और शराब पीने के लिए रूपए की मांग की। मना करने पर गालियां दी और अचानक जेब से ब्लेड निकाली और हमला कर दिया। आरोपी ने गाल और हाथ में ब्लेड से वार किए जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गया।

## चोरी के दस दिन बाद प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** गौतमपुरा के मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के द तर से एक लाख रूपए कीमत के तार चोरी हो गए। इस वारदात को भी हुए दस दिन बीत गए पर अब कंपनी जि मेदारों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। थाना गौतमपुरा पुलिस के अनुसार फरियादी राहुल चौहान निवासी बनेडिया रोड अटाहेड़ी कंपनी आफिस की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि घटना 4 जून की है। अज्ञात बदमाश फरियादी के द तर के पास लगे डीपी से 11 केवी के 15 गाले और एलटी लाइन के तीन गाले तार जिनकी कीमत लगभग एक लाख रूपए चुराकर ले गए। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है।

### निगम फर्जी बिल घोटाला मामला ...

# आरोपियों के बैंक अकाउंट फ्रीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** निगम में हुए करोड़ों के महाघोटाले में ठेकेदार,कार्यपालन यंत्री सहित अन्य निगमकर्मियों को गिर तार किया जा चुका है। वहीं अब इनके खातों को फ्रीज करा दिया गया है ताकि खातों में जमा राशि आरोपी व उनके परिजन निकाल ना सकें। इसके लिए डीसीपी ने बैंक मैनेजरों को पत्र लिखा था। अलग अलग आरोपियों के खाते में करीब 1 करोड़ 1& लाख रूपए हैं जिन्हें फ्रीज कराकर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय की शरण ली जाएगी।

डीसीपी जोन-& पकंज पांडे ने बताया कि निगम में हुए करोड़ों के महाघोटाले में अब तक सात से अधिक आरोपियों की गिर तारी हो चुकी है। आरोपियों ने फर्जी बिल लगाकर निगम से करोड़ों रूपए का पेमेंट प्राप्त कर लिया था, ऐसे में निगम को बड़ी चपत लगी है। आरोपी तो गिर तार हो चुके हैं लेकिन अब इनसे वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शासन को हुए नकुसानकी भरपाई की जा सके। यही वजह रही है कि आरोपियों के बैंक अकाउंट की जानकारी निकालने के बाद डीसीपी पकंज पांडे ने सभी बैंक मैनेजरों को पत्र लिख खाते फ्रीज करने को कहा था ताकि आरोपियों के खाते में जमा राशि उनके परिजन निकाल ना सकें खाते फ्रीज होने की प्रक्रिया के बाद आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखाया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों की खाते में करीब एक करोड़ 1& लाख रूपए है जिसे फ्रीज करा दिया गया है।

### इनके खाते में ये है राशि

डीसीपी पकंज पांडे ने बताया कि निगम महाघोटाले के आरोपी रेणु वडेरा के खाते में &9,49,&99 रूपए हैं वहीं राहुल वडेरा के खाते में 21,07,067रूपए,मोह मद जाकिर के खाते में 7,&0,271 रूपए,मोह मद साजिद के खाते में 2,95,605 रूपए,मोह मद सिद्दीकी के खाते में 2,17,81& रूपए,राजकुमार साल्वी के खाते में &7,17,16& रूपए और कार्य पालन यंत्री अभय राठौर के खाते में &,&9,125 रूपए हैं। ऐसे में कुल एक करोड 1& लाख से अधिक रूपए इनके खाते में मिले हैं।

## युवकों ने पीटा

**इंदौर।** कार से मामूली टक्कर लगने पर बाइक सवारों ने युवक को जमकर पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी। गणेश एग्जाटिका सिलिकान सिटी में रहने वाले राजेश्वर सिंह ने बताया कि वह अपनी कार से साथी कर्मचारी निशा वर्मा, विकास राठौर, रूपा कौशल और साधना तिवारी के साथ गंतव्य की ओर जा रहा था तभी उससे एक बाइक सवार को मामूली टक्कर लग गई इस पर बाइक सवारों ने पीछा कर उन्हें आगे रोका और कार से उतारकर उसे गालियां देते हुए जमकर पीट डाला। घटना को अंजाम देने के बाद जाते जाते आरोपियों ने धमकाया कि अगर उसने टक्कर का हर्जाना नहीं भरा तो उसे जान से खत्म कर देंगे।

# होटल में युवक-युवतियों का हंगामा

### ब्यूटी पेजेंट इवेंट के नाम पर पैसे लेकर भागा आयोजक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जेल रोड स्थित जगन्नाथ नारायण द प्राइड होटल में गुरुवार देर शाम कुछ युवक युवतियों ने हंगामा कर दिया। युवक युवतियों का आरोप है कि ब्यूटी पेजेंट इवेंट के नाम से उनसे 5-5 हजार रुपए ले लिए गए और फिर इवेंट कैंसिल कर दिया गया।**

मौके पर हंगामा कर रहे युवक युवतियों का आरोप है कि शुभम पटेल नाम के व्यक्ति ने खुद को मॉडल बताते हुए ब्यूटी पेजेंट का आयोजन किया था। जिसमें उसके द्वारा कई महीने से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रमोशन कर कई लोगों से पेजेंट में शामिल होने के लिए 5-5 हजार रुपए का फीस ली। जिसमें मेकअप, ड्रेस और स्टे के साथ फूड देने की भी बात कही गई थी।

इवेंट में शामिल होने आई मृदुला बुद्धिवंत ने बताया कि इवेंट में शामिल होने के लिए करीब 35 से अधिक पार्टिसिपेंट ने अप्लाय किया और फीस भी जमा कर दी। आज जब आयोजन में शामिल होने पहुंचे तो आयोजक शुभम पटेल द्वारा किसी तरह के अरेंजमेंट नही किए गए था। सुबह 10 बजे से सभी पार्टिसिपेंट के पहुंचने के बाद 1 बजे करीब 5 घंटे बाद ग्रूमिंग सेशन शुरु किया गया। कई घंटों इंतजार करने के बाद न तो किसी के स्टे का अरेंजमेंट था नही किसी तरह के फूड की। देर शाम को आयोजक इवेंट कैंसिल होने का कह के मौके से भाग गया। जिसके बाद सभी पार्टिसिपेंट देर रात तक परेशान होते रहे और होटल में हंगामा कर दिया।

# शराब की तस्करी करने के लिए चुराते थे चार पहिया वाहन

### लूसिड़या पुलिस के हत्थे चढे दो बदमाश

**इंदौर।** शराब की तस्करी करने के लिए गैंग के दो सदस्य चार पहिया वाहन चुराते थे और फिर उसी वाहन से अवैध शराब की डिलेवरी देते थे। पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों को गिर तार कर उनके कब्जे से चोरी की कार तथा लोडिंग वाहन बरामद कर 60लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त की है। डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 से & जून को अशोक लीलैंड लोडिंग वाहन चोरी हो गया था इस पर फरियादी अजीत कुशवाह निवासी स्कीम नंबर 78 की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। इसी तरह 9 जून को स्कीम नंबर 78 से हांडा सिटी कार चोरी हो गई थी जिस पर फरियादी कविंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर भी प्रकरण दर्ज किया गया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डीसीपी ने एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह को निर्देशित किया गया था। इस पर एसीपी विजयनगर( आईपीएस )कृष्णलाल चंदानी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम में लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी भी शामिल थे। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खगाले। इस बीच एसीपी कृष्णलाल चंदानी को सूचना मिली कि चोरी किए गए वाहनों का प्रयोग शराब की तस्करी में किया जा रहा है। इस पर टीम ने बाइपास रोड पर नाकाबंदी कर चोरी की हांडा सिटी सहित दो आरोपियों को गिर तार कर लिया। आरोपी होंडा सिटी कार से करीब 60 लीटर कच्ची शराब लेकर जा रहे थे।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक